मुझको श्याम मिला दे

राधे रानी ऐसी किरपा मुझपे तू बरसा दे,
हर दम गुण गाऊ मैं तेरे मुझको श्याम मिला दे,
जपु मैं राधे राधे मुझे मेरा श्याम मिला दे,

मैंने सुना है श्याम के आगे चलती बहुत है तेरी,
मैं भी शरण में अडी हु तेरी अर्ज लगा दे मेरी,
जैसा रंग चढ़ा है तुझपे मुझे पे भी तू चढ़ा दे ,
हर दम गुण गाऊ मैं तेरे मुझको श्याम मिला दे,
जपु मैं राधे राधे मुझे मेरा श्याम मिला दे,

क्या जाएगा तेरा अधिक कोर किरपा की करदो,
मुझको मिला के संवारिये से एहसान जरा सा करदो,
जैसे तूने लाखो तारे मेरे भी भाग जाग दे,
हर दम गुण गाऊ मैं तेरे मुझको श्याम मिला दे,
जपु मैं राधे राधे मुझे मेरा श्याम मिला दे,

तेरे सिवा यहाँ कौन है मेरा जिसको हाल सुनाऊ,
तूने ही मुख मोड़ लिया और कहा मैं जाऊ,
राधे शर्मा की पुकार संवारिये तक पोहंचा दे,
हर दम गुण गाऊ मैं तेरे मुझको श्याम मिला दे,
जपु मैं राधे राधे मुझे मेरा श्याम मिला दे,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13601/title/har-gm-gun-gaau-main-tere-mujhko-shyam-mila-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |